तापमान
अधिकतम 28.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
# कोरबा भूमि

बिलासपुर, शनिवार 13 जनवरी 2024

[ दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा ]

4 शहर की बड़ी पीडीएस दुकानों को बांटने का प्रस्ताव ठंडे बस्ते में



## खबर संक्षेप

### कनकी में मड़ई मेला आज से

**कोरबा।** ग्राम कनकी में युवा संगठन कनकेश्वर सेवा समिति एव ग्राम पंचायत कनकी तथा समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से एकदिवसीय मड़ई का आयोजन 13 जनवरी को किया जा रहा है। जिसमें विविध कार्यक्रमों में राउत नाच विशेष है जिसके साथ साथ रात्रि में गांव की प्रतिभा को उभारने हेतु डांस प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। मड़ई के दूसरे दिन 14 जनवरी को हसदेव बचाव का संदेश देने के लिए मिनी मैराथन दौड़ का आयोजन किया जा रहा है। कनकेश्वर धाम कनकी में लगने वाले मड़ई मेला, राउत नाच एवं ग्रामीण प्रतिभागियों का डांस देखने एवं हसदेव बचाव का नारा लिए मैराथन दौड़ के आयोजन का साक्षी बनने हेतु समस्त जिलेवासियों को निमंत्रण दिया गया है।

### सेमेस्टर परीक्षा की समय-सारणी एक सप्ताह के भीतर होगी जारी

**कोरबा।** एयू संबंद्ध स्नातकोत्तर विषम सेमेस्टर की परीक्षा की अनंतिम समय-सारणी इसी हफ्ते जारी हो सकती है। इस संबंध में विश्वविद्यालय ने सूचना जारी किया है। अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय बिलासपुर अंतर्गत जिले के शासकीय व निजी महाविद्यालय के स्नातकोत्तर के विषम सेमेस्टर के विभिन्न संकाय में अध्ययनरत विद्यार्थियों की अंतिम परीक्षा समय-सारणी इसी सप्ताह जारी हो सकती है। इस संबंध में एयू ने सूचना जारी कर बताया है। बताया जा रहा है कि 16 दिसंबर को स्नातकोत्तर विषम समेस्टर परीक्षा की अनंतिम समय-सारणी एयू ने अधिकृत वेबसाइट पर जारी किया था। समय सारणी पर आपेक्ष पांच जनवरी तक मंगाए गए थे। कई महाविद्यालय प्रबंधन, छात्र-छात्रा व छात्र संगठनों की ओर से विश्वविद्यालय को आक्षेप भेजा गया था। आक्षेपों के निराकरण की प्रक्रिया जारी है। प्रबंधन ने जल्द ही अंतिम समय सारणी जारी करने की बात कही है।

### मास्टर्स बैडमिंटन चैंपियनशिप स्पर्धा में 3 सौ वेटरन्स प्लेयर लेंगे हिस्सा

**कोरबा।** जिले में योनेक्स सनराइज 22वीं छत्तीसगढ़ स्टेट मास्टर्स बैडमिंटन चैंपियनशिप 2023-24 का आयोजन 7 से 11 फरवरी तक में किया जाएगा। बैडमिंटन एसोसिएशन ऑफ इंडिया (बीएआई) के तत्वाधान में यह प्रतियोगिता नगर निगम कॉलोनी स्थित एकलव्य स्पोर्ट्स एरिना में आयोजित होगी। इसमें प्रदेश भर के 3 सौ वेटरन्स प्लेयर हिस्सा लेंगे इस आयोजन का दायित्व जिला बैडमिंटन संघ को दिया गया है। प्रतियोगिता को लेकर जिला बैडमिंटन एसोसिएशन तैयारी में जुट गया है। प्रतियोगिता में राज्य के समस्त जिलों से लगभग 3 सौ खिलाडी व राज्य संघ के ऑफिशियल्स सम्मिलित होंगे। इस प्रतियोगिता के माध्यम से फरवरी 2024 में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय बैडमिंटन प्रतियोगिता के लिए टीम का चयन किया जाएगा। प्रतियोगिता अंतर्गत 35 वर्ष से लेकर 75 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के अतिवरिष्ठ खिलाड़ी सिंगल्स, डबल्स और मिक्स डबल्स समेत विभिन्न ईवेंट्स होंगे।

### इस बार मकर संक्रांति पर कई ग्रहों का संयोग

**कोरबा।** इस बार सूर्य मकर राशि में 15 जनवरी को प्रवेश करेगा। इसी दिन मकर संक्रांति मनाई जाएगी। इसे लेकर श्रद्धालुओं में खासा उत्साह है। लोग पर्व की तैयारी जुट गए हैं। ज्योतिषाचार्य के अनुसार इस बार मकर संक्रांति पर दुर्लभ संयोग बनने जा रहा है। मकर संक्रांति के दिन रवि योग के साथ वरियान योग भी बनेगा। वैदिक पंचांग की गणना के अनुसार मकर संक्रांति पर कई ग्रहों का संयोग भी बन रहा है। शुक्र ग्रह अपनी उच्च राशि में मौजूद होंगे। शनि अपनी मूल त्रिकोण राशि कुंभ और गुरु भी अपनी स्वराशि मेष में मौजूद रहेंगे। वरियान योग 14 जनवरी की रात लगभग 2.40 बजे शुरू होगी। 15 जनवरी की रात लगभग 11.10 बजे तक रहेगी। रवि योग 14 जनवरी को सुबह 10.22 बजे से 15 जनवरी की सुबह 7.15 बजे तक रहेगी। इसके अलावा मकर संक्रांति इस बार सोमवार को पड़ रहा है।

# कोलकाता के फूलों की खुशबू से मंदिरों में बिखरेगी छटा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

अयोध्या में राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा की तिथि जैसे-जैसे समय नजदीक आते जा रही है जिले के कॉलोनी व मंदिरों में भी तैयारी जोर-शोर से शुरू कर दी गई है ताकि इस प्राण प्रतिष्ठा को और भी भव्य रूप दिया जा सके इसके लिए फूलों की बाजार में सरगर्मी अभी से शुरू हो गई है। बताया जाता है कि फूलों की डिमांड अचानक बढ़ गई है जिसके चलते अब कोलकाता से फूल मंगाया जा रहा है जिसकी खुशबू पूरे मंदिर व अलग-अलग स्थान पर छटा बिखरेगी।

बताया जाता है कि अमूमन जनवरी के महीने में फूलों की डिमांड उतनी अधिक नहीं होती है लेकिन 22 जनवरी को अयोध्या में भगवान राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा होनी है इसके लिए तैयारी जोर-शोर से पूरे देश भर में चल रही है। इस कड़ी में कोरबा जिले में भी अलग-अलग स्थान व कॉलोनियों के मंदिरों में भी तैयारी की जा रही है। बताया जाता है कि अलग-अलग स्थान में 22 जनवरी की सुबह कलश यात्रा निकाली जाएगी तो मंदिरों में आकर्षक साज सज्जा के साथ भंडारे का भी आयोजन किया जाएगा। इसके लिए मंदिर समितियों ने अभी से तैयारी शुरू कर दी है। 22 जनवरी को सबसे अधिक फूल की डिमांड रहेगी। इसके लिए फूल मार्केट में बूम आ गया है और अभी से बुकिंग शुरू कर दी गई है। 50 किलो से लेकर 100 किलो तक अलग-अलग मंदिरों और समिति द्वारा बुकिंग की जा रही है। कोतवाली थाना के समीप संचालित कोलकाता फ्लावर डेकोरेशन के संचालक जयदेव दादा ने बताया कि आधा दर्जन से अधिक मंदिर समितियों ने फूल की बुकिंग कर ली है। किसी के द्वारा 50 किलो तो किसी ने 1 क्विंटल फूल की आर्डर दिया है। जैसे-जैसे समय नजदीक आते जा रहा है वैसे-वैसे बुकिंग और तेज होती जा रही है। आम दिनों में फूल की कीमत 100 रुपए किलो होती है लेकिन अभी फूलों की कीमत लगभग डेढ़ सौ रुपए किलो हो चुकी है।

### फूलों की डिमांड बढ़ने पर बढ़ गया रेट



#### कलश यात्रा के लिए डीजे की भी शुरू हुई बुकिंग

22 जनवरी को जहां अयोध्या के मंदिर में भगवान राम की प्राण प्रतिष्ठा की जानी है उसे लेकर पूरे देश भर में जश्न का माहौल है और मंदिर समितियां द्वारा तैयारी शुरू कर दी गई है। इस दिन कलश यात्रा के साथ विभिन्न तरह के कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसके लिए मंदिर समितियों द्वारा कलश यात्रा को और भव्य बनाने के लिए डीजे की बुकिंग कराई जा रही है। डीजे की बुकिंग अत्यधिक होने की वजह से डीजे संचालकों ने भी अपने दाम में बढ़ोतरी कर दी है तो वहीं दूसरी ओर ग्रामीण क्षेत्रों में करमा नृत्य की भी धूम रहेगी।

### पीएचई विभाग ने प्रोजेक्ट का तैयार किया डीपीआर

# एतमानगर प्रोजेक्ट से बांगो क्षेत्र के 240 ग्रामों की बुझेगी प्यास

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

विकासखंड पोड़ी-उपरोड़ा के अंतर्गत आने वाले फ्लोराइड प्रभावित 21 ग्रामों को अब एतमानगर जल आवर्धन योजना से शुद्ध पेयजल की आपूर्ति की जाएगी। योजना के तहत कुल 240 ग्रामों को पानी उपलब्ध होगा। इसके लिए पीएचई विभाग ने डीपीआर तैयार कर प्रारंभिक स्तर पर काम भी शुरू कर दिया है।

विकासखंड पोड़ी-उपरोड़ा के बांगो क्षेत्र से लगे ऐसे ग्राम जहां हैंडपंप से फ्लोराइड युक्त पानी निकल रहा था। उन ग्रामों में भी इस समस्या से निपटारे के लिए अब एक बड़ी योजना एतमानगर प्रोजेक्ट के नाम से तैयार की गई है। 20 करोड़ के इस योजना से चरणबद्ध तरीके से 240 ग्रामों की प्यास बूझाई जाएगी। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग की टीम ने प्रभावित ग्रामों का दौरा कर सबसे पहले उन क्षेत्रों को चिन्हांकित किया, जो फ्लोराइड से प्रभावित थे। वैकल्पिक तौर पर वहां अन्य जलस्त्रोत तैयार किए गए। अब इन फ्लोराइड प्रभावित क्षेत्रों में बांगो बांध का पानी पहुंचाया जाएगा। एतमानगर प्रोजेक्ट के नाम से ग्रामों में पानी पहुंचाने की योजना तैयार की गई है। जिसका डीपीआर लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा तैयार कर शासन को भेजा गया था। जिस पर स्वीकृति मिल चुकी है और अब पीएचई विभाग किस दिशा पर निविदा की प्रक्रिया जल्द ही शुरू करेगा। हालांकि प्रोजेक्ट बड़ा है इसलिए योजना शुरू करने में विभाग द्वारा शीघ्र ही कार्य शुरू किया जाएगा।

निविदा की कुछ प्रक्रियाएं पूर्ण कर ली गई है। प्रारंभिक तौर पर सर्वे का कार्य भी शुरू हो चुका है। सिविल के कार्य के लिए तकनीकी स्वीकृति भी मिल चुकी है। प्रशासकीय व तकनीकी स्वीकृति मिलने के बाद निविदा की प्रक्रिया भी पूर्ण कर ली जाएगी, जो अभी प्रक्रियाधीन है।



फाइल फोटो

#### चोटिया क्षेत्र के फ्लोराइड प्रभावित ग्रामों को मिलने लगा पानी

चोटिया क्षेत्र के कुछ ग्राम फ्लोराइड प्रभावित के रूप में चिन्हांकित किए गए थे और ऐसे हैंडपंप को दोनों क्षेत्रों में बंद कराया गया था, जिनके पानी में फ्लोराइड की मात्रा ज्यादा थी और जिससे क्षेत्र के ग्रामीणों में शारीरिक विकार उत्पन्न हो रहे थे। समस्या को जटिल होता देख पीएचई विभाग ने अपने चोटिया जल आवर्धन योजना तैयार की। 22 करोड़ की योजना से 35 ग्रामों को चयनित किया गया था। इस प्रोजेक्ट में फ्लोराइड प्रभावित ग्रामों को शामिल किया और उन क्षेत्रों में पाइप लाईन के द्वारा पेयजल आपूर्ति का खाखा तैयार किया। इस योजना के तहत चोटिया क्षेत्र के फ्लोराइड प्रभावित ग्रामों को अब शुद्ध पेयजल मिलने लगा है। 5 साल इस परियोजा को पूरा करने में लग गए। हालांकि इसके पीछे कई तकनीकी कारण थे। जिसमें हसदेव नदी के किनारे इंटकवेल का निर्माण और वहां से 15 किलोमीटर दूर वाटर ट्रीटमेंट प्लांट का निर्माण करना और फिर पाईप लाईन बिछाकर ग्रामों तक पानी पहुंचाना प्रमुख रूप से शामिल थे। विभाग ने कार्यों को पूरा कर लिया है और पिछले मई महीने से पानी भी मिलने लगा है।

#### एतमानगर प्रोजेक्ट में काम शुरू

फ्लोराइड प्रभावित ग्रामों को सबसे पहले चोटिया जलावर्धन योजना से पानी पहुंचा दिया गया है। बांगो क्षेत्र के ग्रामों में पानी पहुंचाने के लिए एतमानगर जलावर्धन योजना तैयार की गई है। 240 ग्राम इसके लिए चयनित किए गए हैं और काम प्रारंभिक तौर पर शुरू हुआ है।

- **ऐके बच्चन,** कार्यपालन अभियंता, पीएचई

# नियम विरुद्ध राख परिवहन 34 वाहनों से 41 हजार वसूला जुर्माना



कार्यवाही करते राजस्व व पर्यावरण की टीम।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

11 जनवरी को राखड़ परिवहन के संबंध में कलेक्टर अजीत वसंत द्वारा नियमानुसार कार्यवाही के कड़े निर्देश के पश्चात जिले में जाँच और कार्यवाही के लिए अभियान चलाया जा रहा है। इस कड़ी में परिवहन अधिकारी शशिकांत कुर्रे, एसडीएम कोरबा श्रीकांत वर्मा द्वारा पर्यावरण को ताक पर रख कर राखड़ परिवहन करने वाले वाहनों की सघन जांच की गई। बिना तिरपाल, बिना रिफलेक्टर, अवैध डंपिंग, बिना फिटनेस के संचालित राखड़ लोड वाहनों पर चलानी कार्यवाही की गई। मौके पर ही वाहनों में सुव्यवस्थित तरीके से तिरपाल लगवाई गई तथा सड़क किनारे, खुले जमीन पर राखड डंप न करने की समझाइश दी गई। टीम द्वारा रात्रि में सड़क किनारे अवैध डंपिंग कर पर्यावरण को प्रदूषित करने वाले ऐसे वाहन चालकों पर विशेष नजर रखी जा रही है जो नियमों को ताक पर रख कर राखड़ डंप कर रहे हैं। आरटीओ उड़नदस्ता टीम द्वारा विभिन्न मार्गों पर 34 ऐसे वाहनों पर चालानी कार्यवाही से 41 हजार 600 रुपए की जुर्माना राशि वसूल की गई। अभी यह संयुक्त कार्यवाही आगे दिनों में भी जारी रहेगा।

**खास बात**

- जारी है राजस्व व पर्यावरण विभाग के संयुक्त टीम की कार्यवाही

# बारूद परिवहन में लगा ट्रक पलटा चालक को आई मामूली चोटें

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

बारुद परिवहन करने वाली खाली ट्रक देर रात को बांकीमोंगरा 4 नंबर खदान के पास अनियंत्रित होकर पलट गई। इस घटना में चालक को मामूली चोट आयी है। बांकीमोंगरा थाना प्रभारी ने जानकारी देते हुए बताया कि गुरुवार की देर रात बांकीमोंगरा खदान के बायपास रोड में बारूद परिवहन में लगी खाली ट्रक पलट गई। घटना में ट्रक के चालक को मामूली चोटे आई है जिसे उपचार के लिए स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है। थाना प्रभारी श्री तिवारी ने बताया कि ट्रक चालक द्वारा कुछ लोगों के द्वारा उस पर हमला किए जाने की जानकारी दी गई थी। जब मामले की तस्दीक की गई तो मामला फर्जी निकला। मामले में पुलिस ने एफआईआर की कार्यवाही नहीं की है।



दुर्घटनाग्रस्त ट्रक।

# सिविल जज परीक्षा में प्रीती को 48वीं रैंक

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले होनहार युवा प्रीति पालीवाल ने कड़ी मेहनत और लम्बे संघर्ष के बाद वह पा लिया, जिसका सपना वर्षों पहले उनके पिता ने देखा था। छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग की कठिन परीक्षा में सफलता प्राप्त कर प्रीति सिविल जज बन गई हैं। कड़ी मेहनत हमेशा रंग लाती है। इस बात को जिले की बेटी प्रीति ने साबित कर दिखाया है। जिला अधिवक्ता संघ के सदस्य, पब्लिक नोटरी, वरिष्ठ अधिवक्ता और पत्रकार राजेंद्र कुमार पालीवाल की पुत्री प्रीति ने कड़ी मेहनत कर बड़ी सफलता पाई है। व्यवहार न्यायाधीश का गौरवपूर्ण ओहदा हासिल कर आज वह युवाओं की प्रेरणा स्त्रोत बन गई है। प्रीति ने पूरे प्रदेश में सिविल जज एग्जाम में 48वां रैंक हासिल किया है। अपने संघर्ष के दिनों को याद करते हुए प्रीति पालीवाल कहती हैं कि थोड़ा वक्त लगा, कभी-कभी थोड़ा डर लगता था, लेकिन खुद पर भरोसा इतना था कि आखिर मंजिल मिल ही गई। जज बनने की प्रेरणा उन्हें अपने अधिवक्ता पिता से मिली, जिनके सतत प्रोत्साहन ने उन्हें सही रास्ता दिखाया और इस मुकाम पर पहुंचने में मदद की। उन्होंने न केवल अपने पिता के सपने को पूरा किया, बल्कि अपनी इस उपलब्धि से समूचे कोरबा जिले के लिए भी गौरव हासिल किया है। प्रीति ने कहा कि अगर आप अपने लक्ष्य के प्रति अडिग हैं, तो यही धैर्य और खुद को फोकस रखने का हुनर ही काम आता है, जो आपकी ताकत बनता है। बेहिसाब असफलताओं के बीच इस एक सफलता का इंतजार कभी आपको रुकने नहीं देता। अपनी सफलता का मंत्र बताते हुए सिविल जज (व्यवहार न्यायाधीश) और अन्य प्रतियोगी परीक्षा में चयन होने के लिए कुछ टिप्स भी युवाओं को दिए हैं। प्रीति कहती हैं कि निष्ठा और खुद के प्रति ईमानदार रहें, तो सफलता हासिल कर सकते हैं। इंटरनेट में मिलने वाली सामग्री का बेहतर प्रयोग कर अपनी दक्षता बढ़ा सकते हैं। शुरुआत में हमेशा दिक्कतों का सामना करना पड़ता है लेकिन परेशानियों से हार नहीं मानने वालों को ही हमेशा लक्ष्य की प्राप्ति होती है।

**खास बात**

- पिता से मिले प्रोत्साहन ने दिखाया रास्ता, इस मुकाम तक पहुंचने में मिली मदद



प्रीति पालीवाल

### 5 सौ वर्षों के लंबे संघर्ष के बाद आया यह अवसर

# रामलाल विराजमान होंगे तो यह कारसेवकों के लिए भी सच्ची श्रद्धांजलि : राजेंद्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अयोध्या में बन रहे भव्य राम मंदिर को देखकर बहुत प्रसन्नता हो रही है। 22 जनवरी को जब मंदिर मे प्रभु श्री रामलला विराजमान होंगे तो ये उन कारसेवकों के लिए भी सच्ची श्रद्धांजलि होगी, जिनके अथक प्रयासों से यह सैंकड़ों वर्षों का स्वप्न पूरा होने जा रहा है। यह क्षण भावुक करने वाला है, लेकिन इस बात की प्रसन्नता है कि 5 सौ वर्ष के लंबे संघर्ष के बाद आखिरकार यह अवसर आया है। हमे इस बात का गर्व रहेगा कि राम मंदिर निर्माण में हमारी भी छोटी ही सही मगर भूमिका बनी रहेगी।



राजेंद्र अग्रवाल

यह कहना है कोरबा के कारसेवक राजेंद्र अग्रवाल का। उन्होंने वर्ष 1992 में कारसेवा में अपनी भूमिका निभाई। कारसेवा में अयोध्या गए भाजपा नेता राजेंद्र अग्रवाल बताते हैं कि वर्ष 1992 की कारसेवा में जाने का अवसर मिला वो दिन और समय मेरे जीवन का अदभुत अविस्मरणीय बन गया चूंकि मेरी उम्र उस समय 25 वर्ष की थी। कुछ वर्ष पहले ही विवाह हुआ था। सबसे बड़ी बात वर्ष 1990 की कारसेवा में नहीं जा सकने का मेरे मन में एक कसक भी था, उस समय छत्तीसगढ़ राज्य का गठन भी नहीं हुआ था। फिर भी संगठन की रचना में छग प्रांत ही कहलाता था। प्रत्येक जिले से वाहिनी भी बनी थी जिसमें सौ से अधिक की संख्या होती थी। लाखों कारसेवकों का जोश अयोध्या में देखते बनता था। सारी रात बिना खाए पीये अनवरत लोग परिसर की सफाई मलबा हटाना एवं चबुतरे के निर्माण में लगे रहे। मन में अनजाना भय भी था कि सुरक्षाबलों से भिंड़त न हो जाए। 7 तारीख को अल्पाहार मिल पाया। पूरा शहर लगभग बंद एवं सन्नाटा कारसेवकों को तुरंत वापसी का निर्देश मिला। ट्रेन द्वारा वापसी हो गई। मेरे यहां 2 दिसंबर 1992 को ही मांगलिक प्रसंग होने के बाद भी मैं जा सका। ये प्रभु श्रीराम जी के आशीर्वाद से ही संभव हुआ।

#### मन में गोलीकांठ का था आक्रोश

6 दिसंबर को अयोध्या में हिन्दुवादी नेताओं को उद्बोधन था। शांतिपूर्वक प्रतिकात्मक कारसेवा का आग्रह था। किंतु लोगों के मन में वर्ष 1990 में हुई कार सेवा के दौरान उत्तरप्रदेश के तत्कालीन मुख्यमंत्री मुलायम सिंह की सरकार द्वारा की गई प्रताड़ना एवं गोली बारी का आक्रोश भी था। बाबरी मस्जिद के चारों ओर बहुत बड़ी संख्या में हथियार बंद जवानों की तैनाती की गई थी, बावजूद इसके दोपहर 12 बजे के बाद कुछ लोग गुंबद पर चढ़ गए। देखते ही देखते कारसेवकों की संख्या बढ़ती चली गई। नीचे चारों ओर जिस प्रकार दो देशों की सीमा में कंटीले गोलाकार तार होता है वह लगा था। कारसेवक उन्हें तोड़ने और भीतर परिसर में प्रवेश कर गए। पहले तार का घेरा तोड़ा गया तत्पश्चात जिसके हाथ में जो आया उससे लोग विवादित ढांचे को ढहाते गए वहां की दीवार 3 फीट से कहीं ज्यादा चौड़ी थी। लाखों लोग वानर सेना की भांति रामकाज में लगे थे। शाम होते होते गुलामी की निशानी मीट चुकी थी।

# हादसा या फिर हत्या, सड़क किनारे युवक की मिली लाश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एक अधेड़ व्यक्ति की हाईवे पर लाश मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई है। अधेड़ व्यक्ति की मौत कैसे और किन परिस्थिति में हुई है यह स्पष्ट नहीं हो पाया है। संभावना जताई जा रही है कि कहीं उसकी हत्या कर लाश सड़क किनारे फेंकी तो नहीं गई है तो कहीं कोई बोल रहा है कि सड़क हादसे में उसकी मौत हुई है। फिलहाल पुलिस मामले में मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा हो पाएगा।

जानकारी के अनुसार लेमरु थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कांटाद्वारी निवासी बंधन अगरिया 55 वर्ष पिता शनीराम अगरिया मोरगा चौकी क्षेत्र अंतर्गत नेशनल हाईवे में सतीश होटल के पास सड़क किनारे मिली है। घटना की सूचना मिलने पर बांगो थाना प्रभारी कृष्ण कुमार वर्मा दलबल सहित मौके पर पहुंचे थे। जहां पुलिस द्वारा मामले की बारीकी से जांच की जा रही है कि आखिर बंधन अगरिया की लाश वहां मिली कैसे? बंधन की हत्या की गई है या फिर वह सड़क हादसे का शिकार हुआ है यह अभी स्पष्ट नहीं हो पाया है। थाना प्रभारी कृष्ण कुमार वर्मा का कहना है कि मामले की विभिन्न बिंदुओं को लेकर जांच की जा रही है। क्षेत्र में लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा हो पाएगा।

# फिल्म इवेंट

## हॉलीवुड

### स्क्रीन एक्टर्स गिल्ड अवाड्र्स की नॉमिनेशन लिस्ट जारी



**लॉस एंजेलिस।** 81वें गोल्डन ग्लोब अवाड्र्स 2024 के बाद अब, स्क्रीन एक्टर्स गिल्ड अवाड्र्स की नॉमिनेशन लिस्ट जारी कर दी गई है। यह सम्मान स्क्रीन एक्टर्स गिल्ड-अमेरिकन फेडरेशन ऑफ टेलीविजन एंड रेडियो आर्टिस्ट्स (एसएजी-एएफटीआरए) द्वारा दिए जाते हैं। गोल्डन ग्लोब्स और ऑस्कर की तरह, एसएजी अवाड्र्स हॉलीवुड में सबसे बड़े सम्मानों में से एक है। हालांकि, सिलियन मर्फी, ब्रैडली कूपर, कोलमैन डोमिंगो, एमिली ब्लंट, जोडी फोस्टर, विलेम डेफो, रॉबर्ट डाउनी जूनियर, रयान गोसलिंग, रॉबर्ट डी नीरो, लिली ग्लैडस्टोन, केरी मुलिगन, मार्गोट के रूप में एसएजी नामांकन ने एक बार फिर इंटरनेट पर तहलका मचा दिया। रॉबी, एम्मा स्टोन, जेनिफर एनिस्टन, एलिजाबेथ डेबिकी, पेड्रो पास्कल और कई अन्य अभिनेताओं ने प्रतिष्ठित नामांकन हासिल किया है।'इट इज ए टेल टोल्ड बाय एन इडियट' सक्सेशन, द मॉर्निंग शो, द क्राउन, द लास्ट ऑफ अस और द गिल्डेड एज जैसे नाटकों को ड्रामा सीरीज श्रेणी के लिए नामांकन प्राप्त हुआ है। इसके अलावा बार्बी, द कलर पर्पल, किलर्स ऑफ द फ्लावर मून, ओपेनहाइमर और अमेरिकन फिक्शन को बेस्ट मोशन पिक्चर कैटेगरी के लिए नामांकन मिला है। 30वां स्क्रीन एक्टर्स गिल्ड अवाड्र्स पहली बार नेटफ्लिक्स पर विश्व स्तर पर लाइव स्ट्रीमिंग करके इतिहास रचेगा। 24 फरवरी को दर्शक इसका लुत्फ उठा सकेंगे।

## टालीवुड

### प्रभास ने जारी किया फिल्म 'द गोट लाइफ' का फर्स्ट लुक पोस्टर



**चेन्नई।** प्रभास और पृथ्वीराज सुकुमारन ने हाल ही में प्रशांत नील के निर्देशन में बनी फिल्म 'सालार' में साथ नजर आए हैं। दोनों की जोड़ी को दर्शकों ने खूब पसंद किया है। 22 दिसंबर को रिलीज हुई यह फिल्म टिकट खिड़की पर अब भी शानदार कारोबार कर रही है। इस फिल्म के बाद पृथ्वीराज अपने अगले बड़े प्रोजेक्ट द गोट लाइफ (आदुजीविथम) में नजर आने वाले हैं। यह फिल्म 10 अप्रैल 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। सलार की धांसू कमाई के बीच प्रभास ने पृथ्वीराज सुकुमारन की आगामी फिल्म का फर्स्ट लुक पोस्टर लॉन्च किया है। रिबेल स्टार ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम हैंडल पर लिखा, पृथ्वीराज सर की द गोट लाइफ - अदम्य मानवीय भावना की यात्रा के आधिकारिक फर्स्ट-लुक पोस्टर का अनावरण करते हुए रोमांचित हूं।ऱ इस पोस्ट से साफतौर पर जाहिर होता है कि सलार की शूटिंग के दौरान दोनों सितारों के बीच अच्छी बॉन्डिंग बन गई है। आदुजीविथम या द गोट लाइफ की बात करें तो फिल्म नजीब नाम के एक मलयाली आप्रवासी मजदूर के बारे में बात करती है ाॅजो सऊदी अरब के एक एकांत खेत में चरवाहे के रूप में गुलामी करने को मजबूर है। फिल्म के निर्देशक ब्लेसी ने उपन्यास पढ़ने के एक साल बाद इस फिल्म पर काम शुरू कर दिया था। 2009 में निर्देशक ने कहानी के मूल लेखक के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किए और इसे एक स्क्रिप्ट में विकसित किया। जिसमें बाद में पृथ्वीराज को भी मुख्य भूमिका में लिया गया।

## छॉलीवुड

### कभी मजदूर रहे शिवा अपनी फिल्म में भी इसी भूमिका में, आज आएगी 'माटी पुत्र



**रायपुर।** रूपहले परदे पर शुक्रवार 12 जनवरी को रिलीज हो रही छत्तीसगढ़ी फिल्म 'माटी पुत्र' के साथ एक संयोग जुड़ा हुआ है। इस फिल्म के लीड एक्टर शिवा साहू ने डबल एमए किया है लेकिन अब तक उन्होंने कई तरह की जॉब भी की है। इनमें रायपुर में मजदूरी भी की है। संयोग से शिवा अपनी पहली फिल्म 'माटी पुत्र' में भी वह मजदूर की भूमिका में हैं। फिल्म की रिलीज को लेकर शिवा बेहद उत्साहित हैं। वह कहते हैं मैं बचपन में रामलीला करता था। एक बार राम का पात्र निभाने वाला कलाकार नहीं आया। राम का प्ले करने की जिम्मेदारी मुझे दी गई। मेरे काम को बहुत सराहा गया। तब से अभिनय की नींव पड़ चुकी थी। शिवा ने बताया कि माटीपुत्र की कहानी मैंने कोविड के दौरान लिखी। इससे पहले मैंने एक शॉर्ट फिल्म युवा शक्ति में भी अभिनय किया था लेकिन फिल्म अभी तक नहीं आई है। जब मैं पीएससी की कोचिंग कर रहा था तो टीचर्स कहते थे कि तुमको तो हीरो बनना चाहिए। शिवा ने बताया, वह राजनांदगांव के छोटे से गांव मुड़पार में जन्में और प्राइमरी की पढ़ाई की के बाद सुरगी में बारहवीं की। कॉलेज मैंने प्राइवेट ही किया है। गांव की पगडंडी से शुरू हुआ सफर कई शहरों से होता हुआ राजधानी रायपुर तक आ पहुंचा। शिवा को उम्मीद है कि दर्शकों को उनकी फिल्म जरूर पसंद आएगी।

---

लाइफ स्टाइल



नौजवानों का मेला

बर्फबारी और ठंड के इस मौसम में पेरिस में अगले सप्ताह मेंस कलेक्शन 2024-25 पर खास शो होने जा रहा है। 16 से 21 जनवरी तक होने वाले इस शो में दुनिया भर के फैशन डिजाइनर अपना कलेक्शन पेश करेंगे। खास कर टॉम फोर्ड, क्रिश्चियन डियोर, रॉल्फ लॉरेन, डोनाटेला वर्साचे, कैल्विन क्लेन, जार्जियो अरमानी और डोना कैरन के कलेक्शन से दर्शक रूबरू होंगे।

## सर्दियों में ड्राई लिप्स को सही रखने इन टिप्स को करें फॉलो



सर्दी का मौसम शुरू होते ही लिप्स ड्राई होने लगते हैं। डर्मेटोलोजिस्ट डॉ. अनिका बताती हैं-अगर आपको अपने फटे होंठों को सही रखना है तो इसके लिए जरूरी है कि आप समय-समय पर लिप बाम का इस्तेमाल करें। अगर आपके लिप्स किसी भी तरीके से सही नहीं हो रहे हैं तो बेस्ट है कि आप अपने डॉक्टर (ड्राई लिप्स को सही करने का तरीका) की सलाह लें। वो आपको सही तरीका और सही टिप्स बताएगा। जिसे फॉलो करके आप अपने लिप्स को सही कर पाएंगे। बॉडी में पानी की कमी की वजह से होंठ फटने शुरू हो जाते हैं। इन्हें सही करने के लिए आपको ज्यादा से ज्यादा पानी पीना (होंठों को सही करने के घरेलू उपाय) चाहिए। साथ ही समय-समय पर होंठों को हाइड्रेट रखना चाहिए। तभी आपके लिप्स सॉफ्ट नजर आएंगे। इससे आपकी खूबसूरती भी बढ़ जाएगी।

## ब्लाउज को न्यू लुक देने के लिए ये स्टाइल हैक्स आएंगे काम



कुछ ऐसे आसान स्टाइलिंग हैक्स हैं जिनकी मदद से आप पुराने रखे ब्लाउज को न्यू लुक दे सकती हैं और ट्रेडिशनल लुक को अप-टू-डेट बना सकती हैं। लेस वर्क में आपको कई डिजाइंस देखने को आसानी से मिल जाएंगे। लेस वर्क में आपको आपके लुक के हिसाब से कई तरीके की किनारी व चौड़े डिजाइन की गोटा-पट्टी लेस में काफी तरह के डिजाइन मिल जाएंगे। आप चाहे तो नेकलाइन या स्लीव्स पर इस तरीके की लेस लगवा सकती हैं। डिजाइन की बात करें तो आप 2 से 4 लेयर में बारीक लेस को एक साथ भी लगवाकर कस्टमाइज्ड लुक तैयार कर सकती हैं। सर्दी के मौसम में अगर आपके पास पड़ा ब्लाउज स्लीवलेस है तो आप इसके साथ अपनी पसंद की कस्टमाइज की गई जैकेट या केप बनवाकर पहन सकते हैं। इसके आलावा आप चाहे तो केवल स्लीव्स भी बनवा सकते हैं। इस तरह के ब्लाउज को आप न केवल साड़ी, बल्कि लहंगे या शरारा सेट तक के साथ पहन सकती है। आजकल न केवल ब्लाउज, बल्कि इनकी स्लीव्स के लिए भी कई डिजाइन आपको ऑनलाइन से लेकर ऑफलाइन तक में कई वैरायटी में डिजाइंस आसानी से मिल जाएंगे।

## पुरानी शॉल को फेंके नहीं, इससे बनाएं पोंचो टॉप



जब बात शॉल की हो तो, शॉल खरीदते समय हम सभी डिजाइन और कलाकृतियां को बारीकी से देखते हुए खरीदते हैं। ऐसे में जब शॉल फट या खराब हो जाते हैं तो बहुत दुख होता है। लेकिन अब आपको परेशान होने की जरूरत नहीं है। आपकी इस प्रॉब्लम का सॉल्यूशन हैं।

**शॉल से बनाएं कुर्ती :** अगर शॉल की किनारे खराब हो गए हैं तो आप इस से स्टाइलिश कुर्ती बनवा सकती हैं। इसके लिए आपको सॉफ्ट कंफर्टेबल कपड़े (बेकार और पुराने कपड़े का रीयूज) की लाइनिंग लगानी पड़ेगी। आप इससे फुल स्लीव से लेकर थ्री फोर्थ स्लीव का भी कुर्ता बनवा सकती है। इस तरह से आप पुराने अलग अलग डिजाइन वाले शॉल को रीयूज कर पहन सकती हैं।

**शॉल से बनाएं पोंचो टॉप :** मार्केट में तमाम तरह के वुलन टॉप मौजूद है। लेकिन क्या आपको पता है कि आप घर पर रखे पुराने शॉल से वुलन पोंचो टॉप बनवा सकती हैं। ये टॉप जींस के साथ स्टाइलिश लुक देते है।

**पुराने डिजाइनर शॉल से बनाएं स्टोल :** शॉल साइज में बड़े होते हैं जिस वजह से कई बार इन्हें ओढ़ने (वाशींग मशीन) में दिक्कत होती है। ऐसे में आप इन शॉल को पतले साइज में कट कर स्टोल में कन्वर्ट कर सकती हैं। किनारों को काटकर इसे सिल लें या फिर ऊन को निकालकर बांध दें। इससे स्टोल खूबसूरत लगेंगे और कैरी करने में भी आसान हो जाएंगे।

**वुलन श्रग :** शॉल का इस्तेमाल कर आप वुलन श्रग भी बना सकती हैं जिसे आप कुर्ती से लेकर साड़ी जैसे आउटफिट के साथ कैरी कर अपने लुक को स्टाइलिश बना सकती हैं।

## साइड स्लिट ड्रेस पहनना है पसंद तो इन बातों का रखें ध्यान

फैशन



बॉलीवुड से लेकर आम लड़कियों तक हर किसी को स्लिट कट ड्रेस पहनने का काफी शौक चढ़ा हुआ है। ऐसा इसलिए क्योंकि ये पहनने के बाद काफी स्टाइलिश लगती हैं साथ ही आपके लुक को और ज्यादा बोल्ड बनाती हैं। इसलिए मार्केट में आपको स्लिट कट स्कर्ट, ड्रेस यहां तक की लॉन्ग गाउन भी मिल जाएंगे, जिनमें साइड स्लिट दिया होता है। ये ड्रेस पार्टी के लिए बेस्ट होती हैं। लेकिन ये तभी अच्छी लगती हैं जब इन्हें अच्छे से स्टाइल किया जाता है। इसके लिए जरूरी है कि आप यहां बताई गई बातों का ध्यान रखें ताकि साइड स्लिट कट ड्रेस में आप परफेक्ट लगे।



### ड्रेस के डिजाइन का रखें ध्यान

ड्रेस को स्टाइल करने का सबसे पहला स्टेप यही है कि आप उसके डिजाइन का खास ध्यान रखें ताकि जब आप उसे वियर करें तो अनकंफर्टेबल फील न हो। इसके लिए आप ड्रेस को पहनकर देख सकती हैं, ताकि आपको पता चल सके कि इसे वियर करने के बाद आप कितनी कम्फर्टेबल रहेगी, साथ ही जितना स्लिट ड्रेस में दिया गया है वो आपकी बॉडी पर अच्छा लग रहा है या नहीं।

### फुटवियर का रखें खास ध्यान

जब भी हम ऐसी कोई ड्रेस पहनते हैं तो इस बात को ध्यान में जरूर रखना चाहिए कि इसके साथ अच्छी फुटवियर को स्टाइल (सूट डिजाइंस) करें। ऐसा इसलिए क्योंकि इस ड्रेस में से आपके पैर नजर आते हैं। ऐसे में आप कोई भी फुटवियर इसके साथ स्टाइल नहीं कर सकती हैं। ऐसे तो आपका लुक और ज्यादा खराब लगने लगेगा।

### एक्सेसरीज पर दें ध्यान

कई ड्रेस ऐसी होती हैं जिनके साथ ज्यादा एक्सेसरीज को पेयर करना अच्छा नहीं लगता। ऐसे में अगर आपका ड्रेस शिमर (स्वेटर हैक्स) या फिर सीक्वेंस वर्क की हो तो इसके साथ ज्यादा एक्सेसरीज वैसे भी अच्छी नहीं लगेगी। इससे आपका लुक और ज्यादा बेकार नजर आएगा। इसलिए आप जब भी ड्रेस खरीदें तो इस बात को जरूर ध्यान में रखें।

## घर की खास रिश्तेदारी में है शादी तो इसके लिए वियर करें ये आउटफिट्स

वेडिंग सीजन अब दोबारा शुरू होने वाली है उसे हम हर किसी ने अपने पसंद के कपड़े पहनने के बारे में सोच तो लिया होगा। लेकिन अगर आप चाहे तो इसमें कुछ नया टच एड कर सकती हैं ताकि जब आपके रिश्तेदार आपको देखें तो आपकी तारीफ करते बिल्कुल भी न थके। इसके लिए आपको वियर करने चाहिए यहां बताए गए आउटफिट्स इसमें आप सुंदर ही नहीं बल्कि सबसे अलग नजर आएंगी।

### बनारसी सिल्क अनारकली सूट



हैवी आउटफिट्स पहनना हम सभी को पसंद होता है। ऐसे में आप सोनम कपूर की तरह बनारसी स्टाइल अनारकली सूट वियर कर सकती हैं। ये आजकल काफी ट्रेंड में है और शादियों में अच्छे भी लगते हैं। इसमें आपको हर एक तरह के डिजाइन के अनारकली मिल जाएंगे, साथ में दुपट्टा भी हैवी डिजाइन का मिलेगा। जिससे ये सूट और भी ज्यादा सुंदर लगेगा। इसके साथ आप मैचिंग इयररिंग्स को वियर कर सकती हैं। मार्केट से खरीदने पर ये सूट आपको 2000 से 3000 रुपये में मिलेगा।

### प्लाजो पैंट सेट

अगर आपको कुछ फैंसी वियर करना है तो इसके लिए आप सोनाक्षी सिन्हा वाले आउटफिट्स को स्टाइल कर (रेडी टू वियर साड़ी) सकती हैं। इसमें आपको पूरे ड्रेस में हैवी वर्क मिलेगा। इस तरह की ड्रेस में आप स्टाइलिश लगेंगी। जिसे देखकर हर कोई तारीफ करेगा।

### फिश कट लहंगा

फिश कट स्टाइल में काफी सारी ड्रेस मिलती हैं लहंगे भी काफी ट्रेंड में है आप इन्हें भी वियर कर सकती हैं लुक (वेडिंग लहंगा) को स्टाइलिश तरीके से क्रिएट करने के लिए काफी अच्छा आउटफिट है। आपको इसे जरूर ट्राई करना चाहिए। इसमें आप नेट फैब्रिक में लहंगा ले सकती हैं वरना आप चाहे तो सीक्वेंस वर्क में भी लहंगा खरीद सकती हैं।

---

कार्नर न्यूज

लुक्स अच्छा होगा तो आपका कॉन्फिडेंस भी होगा मजबूत

## ऑफिस ड्रेसिंग चाहिए 'राइट' तो इन टिप्स को स्टाइल में जरूर करें शामिल

*ऑफिस ड्रेसिंग कैसी होनी चाहिए? आप कहेंगे प्रोफेशनल लुक के लिए बस फॉर्मल कपड़े और जूते काफी हैं। लेकिन हम कहेंगे 5 टिप्स और जोड़िए आपनी ऑफिस ड्रेसिंग में। ये वो टिप्स हैं जो आपके लुक को फुल मार्क्स दिलाने में मदद करेंगे। ये वो टिप्स हैं जो आपको ऑफिस में लुक्स के मामले में पीछे नहीं रहने देंगे। लुक्स अच्छे होंगे तो आपका कॉन्फिडेंस भी मजबूत होगा। ऑफिस ड्रेसिंग में किन खास बातों का रखा जाना चाहिए ध्यान जानते हैं-अपने लिए लेवल तय रें आप भले ही ऑफिस में बड़े अधिकारी नहीं हैं। लेकिन फिर भी कपड़ों को बिलकुल परफेक्ट करके जाना भी ऑफिस ड्रेसिंग का जरूरी हिस्सा है। दरअसल कई लोग अपने पोजिशन के हिसाब से कपड़े पहनते हैं।*



### अलग क्या ?

ऑफिस में दूसरों से अलग क्या पहनते हैं आप? शायद आपके पास इसका जवाब नहीं होगा। मगर सुझाव ये है कि आप ऑफिस के अपने कलीग के लुक्स पर ध्यान दीजिए। वो कौन से प्रिंट, पैटर्न और रंग पहनने हैं, इसको समझिए। अब आपको इन सबसे अलग ही कुछ पहनना है। ताकि आप बिलकुल अलग दिखें। याद रखिए कि अलग दिखने का मतलब ये भी नहीं है कि आप कुछ भी पहन लें।

### ऑफिस इंटीरियर के रंग

आपके ऑफिस में कैसा इंटीरियर किया गया है, ये तो आप जानते ही हैं। अब इन रंगों में से कुछ भी अपनी ड्रेसिंग के लिए ना लें। ब्लू, ग्रीन, ब्राउन और ग्रे के शेड वाले कॉर्पोरेट रंगों से मैच करते हुए कपड़े चुनिए। बहुत ब्राइट कलर न चुनें।



### क्वालिटी है जरूरी

आप पूरे हफ्ते में कितने कपड़े बदलते हैं, इससे ज्यादा जरूरी है कि आप किस क्वालिटी के कपड़े पहनते हैं। ऐसे कपड़े चुनिए जो अच्छे से फिट होते हों और आपके साइज के भी हों। ना ही ज्यादा ढीले और न ही ज्यादा टाइट कपड़े ही अच्छे लगते हैं। इन कपड़ों की क्वालिटी अच्छी हो, ये अच्छे से स्टिच भी हों, ये भी ध्यान रखें।

### कोई स्टाइल स्टेटमेंट नहीं

ऑफिस के कपड़े बाकी कपड़ों से अलग होते हैं। इनको स्टाइल किया जा सकता है। लेकिन हर ट्रेंड को फॉलो करने की ये जगह बिल्कुल नहीं है। आपको यहां कोई खास स्टाइल स्टेटमेंट बिल्कुल भी फॉलो नहीं करना चाहिए। ऐसा न हो कि अच्छे दिखने के चक्कर में आप ऑफिस डेकोरम को ही तोड़ दें।

## खबर संक्षेप

### आज आएंगे ग्रामीण विकास मंत्री

**कोरबा।** भारत सरकार के ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री गिरिराज सिंह 13 से 15 जनवरी तक कोरबा प्रवास पर रहेंगे।



केन्द्रीय मंत्री श्री सिंह 13 जनवरी को शाम 6 बजे से एनटीपीसी गेस्ट हाउस में अधिकारियों की बैठक लेंगे। वे 14 जनवरी को प्रातः 10 बजे मंदिर में स्वच्छता अभियान में, प्रातः 11 बजे ग्राम ढोंगदरहा विकासखंड कोरबा में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर में भाग लेंगे। दोपहर 2.15 बजे विकासखंड कटघोरा अंतर्गत ग्राम रंजना में विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर में शामिल होंगे। 15 जनवरी को केंद्रीय मंत्री श्री सिंह एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय छुरीकला में प्रधानमंत्री जनमन योजना कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे। दोपहर 1.30 बजे वे कार द्वारा कोरबा से रायपुर के लिए प्रस्थान करेंगे।

### भारत संकल्प यात्रा आज के शिविर

**कोरबा।** भारत सरकार की लोक हितैषी विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत आमजन निरंतर लाभान्वित हो रहे हैं। विगत माह से सतत रूप से शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में 13 जनवरी को करतला जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम जमनीपाली, पंचपेढ़ी, खरवानी (मौहाडीह, सराईपाली) में 10 बजे से तथा फरसवानी (फूलझर), सोहागपुर, रींवापार (दर्राभाठा, सराईपाली) में 2 बजे से, कोरबा जनपद के ग्राम करमंदी में 10 बजे से, चितापाली में 2 बजे से, विकासखंड कटघोरा के ग्राम रंजना 11 बजे से, झाबर में 2 बजे से, पोड़ी उपरोड़ा के ग्राम मातिन में 10 बजे से एवं आमाटिकरा/हड़मोर में दोपहर 2 बजे से विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर आयोजित किया जाएगा।

### पीएम विश्वकर्मा योजनांतर्गत शिविर आज

**कोरबा।** प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजनांतर्गत पारंपरिक शिल्पकारों/कारीगरों का पंजीयन सीएससी के माध्यम से किया जा रहा है। ऑनलाइन पंजीकृत आवेदन पत्रों का प्रथम चरण का सत्यापन ग्राम पंचायतों के द्वारा किया जाना है। प्रथम चरण के सत्यापन प्रक्रिया के संबंध में सीएससी द्वारा आवश्यक जानकारी देने हेतु कार्यालय जनपद पंचायतों में 15 एवं 16 जनवरी को शिविर आयोजित की जा रही है। जिसके अंतर्गत 15 जनवरी को प्रातः 11 बजे जनपद पंचायत कोरबा में एवं दोपहर 2 बजे करतला जनपद पंचायत में शिविर का आयोजन किया जाएगा। इसी प्रकार 16 जनवरी को प्रातः 11 बजे पाली जनपद पंचायत में, दोपहर 1 बजे कटघोरा जनपद में तथा दोपहर 3 बजे पोड़ी-उपरोड़ा जनपद में शिविर का आयोजन किया जाएगा। कलेक्टर ने सभी जनपद सीईओ को उक्त शिविर में सभी पंचायतों के सरपंचों की उपस्थिति सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए हैं।

### श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर 22 को शुष्क दिवस घोषित

**कोरबा।** कलेक्टर अजीत वसंत ने आगामी अयोध्या श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर होने जा रहे कार्यक्रम हेतु 22 जनवरी को शुष्क दिवस घोषित करते हुए उक्त समयावधि में सभी प्रकार की मदिरा दुकानें आदि बंद रखने के आदेश दिए हैं।

### कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने ईव्हीएम जागरूकता रथ को किया रवाना

**कोरबा।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अजीत वसंत ने शुक्रवार को कलेक्टोरेट परिसर में ईव्हीएम प्रदर्शन व मतदाता जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने जिले के शहरी एवं ग्रामीण दूरस्थ क्षेत्रों में रथ के माध्यम से व्यापक प्रचार प्रसार कर ईव्हीएम एवं व्हीव्हीपैट मशीन का प्रशिक्षण देने एवं ईव्हीएम मशीन के द्वारा मतदान करने की सत्यता के प्रति आमजनों को जागरूक करने के निर्देश दिए। साथ ही पात्र व वंचित लोगों का नाम मतदाता सूची में जोड़ने, काटने एवं त्रुटि सुधार के संबंध में भी जानकारी प्रदान करने के लिए कहा। कलेक्टर ने 18 वर्ष आयु पूर्ण किए हुए युवाओं एवं मतदाता सूची से वंचित महिलाओं, दिव्यांगजनों एवं आमनागरिकों से मतदाता सूची में नाम जुड़वाने की अपील की है। इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती सीमा पात्रे, जिला शिक्षा अधिकारी जीपी भारद्वाज सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### निगम अधिकारियों ने महापौर सहित मेयर इन काउंसिल सदस्यों का किया सम्मान



**कोरबा।** देशभर में नगरीय निकायों के स्वच्छता सर्वेक्षण का परिणाम विगत दिनों दिल्ली में घोषित हुआ। जिसमें कोरबा निगम प्रदेश में दूसरा स्थान एवं राष्ट्रीय स्तर पर 26 वां स्थान प्राप्त हुआ। विगत वर्ष गार्बेज फ्री सिटी में कोरबा निगम को 3 स्टार रेटिंग मिला था जो इस साल भी बरकरार रहा। इसके साथ ही ओडीएफ डबल प्लस भी प्राप्त हुआ। निगम के अधिकारियों ने महापौर राजकिशोर प्रसाद सहित मेयर इन काउंसिल के सदस्यों को बुके भेंटकर सम्मान किया और बधाईयां दी। महापौर ने भी निगम के सभी सफाई अमले को धन्यवाद देते हुए कहा आप सबके परिश्रम एवं स्वच्छता दीदियों के कड़े परिश्रम के बदौलत कोरबा निगम को यहां सम्मान प्राप्त हुआ।

## स्वामी विवेकानंद जयंती पर इंडस पब्लिक स्कूल दीपका में आयोजित हुए विभिन्न कार्यक्रम

# सफलता का आनंद उठाने के लिए कठिनाइयों से जूझना आवश्यक होता हैः डॉ. गुप्ता

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

स्वामी विवेकानंद की जयंती पर इंडस पब्लिक स्कूल दीपका में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ संजय गुप्ता ने कहा कि स्वामी विवेकानंद जी के जीवन से हमे प्रेरणा लेनी चाहिए वह यूथ आइकॉन के रूप में अपने गुणों व कर्मों के बदौलत अपनी पहचान बनाये, उनका जन्म ऐसे समय मे हुवा जब भारत देश गुलामी की जंजीरों में जकड़ा हुआ था। ऐसे समय मे उनके विचार, सामाजिक उत्थान हेतु उनके मार्गदर्शन ने समाज को राह प्रदान की। उनके विचार 100 वर्षों पहले भी प्रषांगिक थे आज भी प्रषांगिक हैं जब तक मानव जीवन है तब तक प्रषांगिक रहेंगे। विवेकानंद जी ने हिंदुत्व को व राष्ट्रवाद को पुनर्जीवित करने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया। उनका जीवन मानव सेवा के लिये समर्पित रहा, उनका कहना था, ज्ञान लेने के पश्चात ज्ञान बांटना चाहिए क्योंकि ज्ञान से ही इस संसार को बदला जा सकता है। उनके व्यक्तित्व को उनके गुणों को लोगों को धारण कर उन जैसा गुणवान चरित्रवान अपने आप को बनाने का लक्ष्य रखना चाहिए। प्रातः कालीन सभा में कक्षा आठवीं की छात्रा पायल सहारन ने सभी विद्यार्थियों को विवेकानंद की उपलब्धियां एवं विचार के बारे में अवगत कराया। कक्षा छठवीं की छात्राओं के द्वारा बहुत ही सुंदर गीत की प्रस्तुति दी गई। प्री प्राइमरी की छात्र-छात्राओं द्वारा भी स्वामी विवेकानंद का रूप धरकर विभिन्न प्रकार के कविता एवं स्वामी विवेकानंद के विचारों को प्रस्तुत किया गया। युवा दिवस पर आयोजित रचनात्मक लेखन प्रतियोगिता में अपना शानदार प्रस्तुति देने वाले विद्यार्थियों को प्राचार्य डॉक्टर संजय गुप्ता के द्वारा प्रातः कालीन सभागार में सम्मानित किया गया। विद्यार्थियों ने स्वामी विवेकानंद जी के आकर्षक चित्र भी बनाए थे। प्रातः कालीन सभा में विद्यालय के सीसीए प्रभारी हेमलाल श्रीवास ने विभिन्न प्रकार के प्रश्नों के माध्यम से स्वामी विवेकानंद जी की उपलब्धियां एवं उनके विचार पर प्रकाश डालकर विद्यार्थियों का ज्ञानवर्धन किया। उन्होंने प्रातः कालीन सभा में विद्यार्थियों को इस वर्ष के युवा दिवस की थीम के बारे में भी बताया उन्होंने बताया कि इस वर्ष युवा दिवस की थीम है इट्स ऑन योर माइंड अर्थात यदि हम सकारात्मक रहे तो हम किसी भी उपलब्धि को स्पर्श कर सकते हैं।



कार्यक्रम में उपस्थित अतिथिगण।

### केएन कॉलेज में मना युवा दिवस

केएन कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के द्वारा आयोजित राष्ट्रीय युवा दिवस मनाया गया। प्राचार्य डॉ. प्रशांत बोपापुरकर के नेतृत्व में स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा पर माल्यार्पण तथा दीप प्रज्वलन से प्रारंभ किया गया। स्वयंसेवकों को भूगोल विभाग के अध्यक्ष अजय कुमार मिश्रा ने कहा कि स्वामी विवेकानंद ने विश्व के समक्ष भारतीय वेदांत, दर्शन और सनातन संस्कृति की जिस तरह से अनूठी व्याख्या की उसने दुनिया के समक्ष भारत के गौरव व सम्मान को बढ़ाया। सहायक प्राध्यापक टीव्ही नरसिम्हम, वानिकी विभाग के अध्यक्ष डॉ सुनील तिवारी, एनसीसी अधिकारी श्रीमती अनिता यादव तथा रासेयो कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती प्रीति द्विवेदी व श्रीमती जीएम उपाध्याय तथा बड़ी संख्या में रासेयो स्वयंसेवक उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन रासेयो जिला संगठक वायके तिवारी तथा आभार श्रीमती प्रीति द्विवेदी ने किया

### डीएवी स्कूल में मना युवा दिवस



डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल खरमोरा में राष्ट्रीय युवा दिवस मनाया गया। प्राचार्य हेमंतो मुखर्जी के तत्वाधान में आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि न्यू एरा पब्लिक स्कूल की अध्यापिका श्रीमती शीजा एमएस रहीं। अध्यापिका सोनम सिंह द्वारा स्वामी विवेकानंद जयंती मनाने व राष्ट्रीय युवा दिवस के महत्व पर भाषण दिया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने नाटक की प्रस्तुति दी। प्राचार्य मुखर्जी ने बताया कि 12 जनवरी को हर साल राष्ट्रीय युवा दिवस भारत के उन युवाओं व नौजवानों को समर्पित एक खास दिन है जो देश के भविष्य को बेहतर बनाने की क्षमता रखते हैं। देश के युवा वर्ग व सभी विद्यार्थियों को विवेकानंद जी के आदर्शों पर चलने हेतु प्रेरित किया।

### छात्र संघ शपथ एवं वार्षिकोत्सव का आयोजन



कटघोरा कृषि महाविद्यालय में आयोजन तीन दिवसीय युवा महोत्सव का आयोजन, सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं पुरस्कार वितरण के साथ समापन किया गया। राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई कृषि महाविद्यालय कटघोरा के छात्र-छात्राओं एवं स्टाफ के द्वारा मनाया गया जिसमें मुख्य अतिथियों के तौर पर राजेश भारती अनुभागीय अधिकारी कृषि, एमएस कंवर प्राचार्य आत्मानंद स्कूल, मनोहर कुमार भारतीय सीमा सुरक्षा सीमा बल मुख्य रूप से आमंत्रित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ एस एस पोर्ते के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में युवाओं को स्वामी विवेकानंद के जीवनी के विषय में भारती के द्वारा बताया गया एवं उनसे प्रेरणा लेकर युवा को आगे बढ़ने का मार्गदर्शन दिया गया। कार्यक्रम के अंत में विजेता छात्र छात्राओं को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया।

### युवा दिवस पर हुआ विविध कार्यक्रम

स्वामी विवेकानंद के जन्म दिवस अवसर पर राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाया गया। कार्यक्रम में अपर आयुक्त नगर निगम खजान्ची कुम्हार और प्राचार्य लाईवलीहुड कॉलेज अरूणेन्द्र मिश्रा सहित कॉलेज के छात्र-छात्राएं उपस्थित थे। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री द्वारा देश के युवाओं के नाम विकसित भारत 2047 युवा के लिए युवा के द्वारा संवाद कार्यक्रम के माध्यम से युवाओं को देश के विकास के लिए आगे बढ़ने प्रेरित किया गया।

# रिकार्ड सुधार शिविर में राजस्व अधिकारी रहे नदारद

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदीबाजार

**खास बात**

- तहसील कार्यालय हरदीबाजार में किसानों और जनप्रतिनिधियों ने जताया विरोध

एसईसीएल दीपका परियोजना के द्वारा हरदीबाजार के तृतीय भाग का अधिग्रहण के लिए धाया7 (1) के प्रकाशन के लिए गुरुवार को तहसील हरदीबाजार में भुईयां अभिलेख में त्रृटि कमी-वृद्धि दर्ज है, जिसके स्पष्ट जांच हेतु तहसील हरदीबाजार में नाम लिस्ट अनुसार अनिवार्य रूप से शुक्रवार सुबह 11 बजे उपस्थित होने की मुनादी कराई गई थी। वहीं हरदीबाजार के ग्रामीण अधूरे जानकारी के अभाव में वे राजस्व अधिकारियों की अनुपस्थिति में किसान व ग्रामीण भटकते रहे। जब इसकी जानकारी क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों को हुई तो वे तहसील हरदीबाजार पहुंच कर नायब तहसीलदार आरएस सोनी को लिखित मांग पत्र व शिकायत पत्र देकर किसानों की राजस्व संबंधित समस्यों को गंभीरतापूर्वक लेकर पुनः निराकरण करने की मांग की। साथ ही शिकायत पत्र में हरदीबाजार के तृतीय अधिग्रहण के लिए धारा 7(1) के प्रकाशन के लिए राजस्व त्रृटि सुधार करने का विरोध कर हरदीबाजार को पूर्ण अधिग्रहण करने की बात कही गई है, वहीं तृतीय अधिग्रहण में कितने से कितने रकबा तक कोयला खदान के लिए किसानों की जमीन लेना है वे भी किसानों व ग्रामीणों को पता नहीं। उल्लेखनीय है कि एसईसीएल दीपका परियोजना के द्वारा कोयला खदान के विस्तार के लिए दीपका प्रबंधन ने अभी तक हरदीबाजार को दो भाग के लिए धारा 7 (1) का प्रकाशन कर चुका है वहीं तृतीय भाग के खदान विस्तार के लिए भूमि अधिग्रहण के लिए धारा 7 (1) के प्रकाशन के तैयारी के लिए भूमि में राजस्व त्रृटि सुधार करने के लिऐ तहसील हरदीबाजार से तहसीलदार के द्वारा कुल 210 लोगों का नाम के साथ लिस्ट जारी कर अनिवार्य रूप से उपस्थित होने का आदेश जारी किया गया था। वहीं पूर्ण जानकारी के अभाव में गांव के किसान व ग्रामीण बड़ी संख्या में तहसील हरदीबाजार पहुंचे लेकिन जब पहुंचे तो तहसील में न तो तहसीलदार न पटवारी थे। वहीं शुक्रवार को एसडीएम पाली भी हरदीबाजार पहुंचते हैं वे भी नहीं पहुंचे ऐसे में किसान, ग्रामीणों में नाराजगी दिखी। वहीं जनप्रतिनिधियों व ग्रामीणों ने उपस्थित नायाब तहसीलदार को ज्ञापन सौंप पुनः इस संबंध में शिविर लगाने और भूमि त्रृटि, नामांतरण, बंटवारा, फौती, रकबा सुधार सहित तुरंत आनलाईन करने की मांग रखी गई। ज्ञापन देने जनपद सदस्य अनिल टंडन, सरपंच प्रतिनिधि युवराज सिंह कंवर, रमेश अहिर, रामशरण कंवर, नरेश टंडन, भागवत यादव, प्रमोद जायसवाल, टंकण जायसवाल, चंद्रकांत राठौर, अरुण कुमार, महेंद्र राठौर सहित अन्य ग्रामवासीयों ने लिखित मांग व शिकायत दर्ज कराई। वहीं नायाब तहसीलदार आरएस सोनी ने बताया कि मांग पत्र व शिकायत पत्र लिया गया है जिसकी जानकारी एसडीएम पाली व तहसीलदार हरदीबाजार को दी जाएगी और आगामी सुचारु रुप से शिविर लगाकर किसानों व ग्रामीणों के राजस्व संबंधित त्रृटि, कमी-वृद्धि को सुधार किया जाएगा।



ज्ञापन सौंपते किसान व जनप्रतिनिधि।

# रावत नाच महोत्सव हमारे समाज का अभिन्न अंगः लखन देवांगन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



कार्यक्रम में उपस्थित उद्योग मंत्री श्री देवांगन।

**खास बात**

- बलगी में आयोजित हुई रावत नाच महोत्सव

समाज की उन्नति के लिए शिक्षा और संस्कृति का संरक्षण बेहद ही महत्वपूर्ण होता है। शिक्षा और संस्कृति से परिवार और समाज दोनों को मजबूती मिलती है और फिर हमारा चहुंमुखी विकास होता है। उक्त बातें प्रदेश के वाणिज्य उद्योग एवं श्रम मंत्री लखनलाल देवांगन ने कहीं। वे बलगी में आयोजित रावत नाच महोत्सव में मुख्य अतिथि की आसंदी से बोल रहे थे। श्री देवांगन ने कहा कि रावत नाच महोत्सव हमारे संस्कृति का अभिन्न अंग है, जो हमारी एकता और समाज में शौर्य को प्रदर्शित करने का एक सशक्त मंच और माध्यम है, रावत नाथ महोत्सव हमारे संस्कृति और पुरातन परंपरा को जीवित रखते हुए समाज में शौर्य और साहस की भावना का संचार करता है। उन्होंने आयोजक समिति की प्रसंशा भी की।महोत्सव में शौर्य प्रदर्शन करने वाले सदस्यों के लिए कहा की नई पीढ़ी जिस तरह अपने ऐतिहासिक परंपरा को कायम रख रही है उससे आने वाली पीढ़ी को प्रेरणा मिलती रहेगी। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में भाजपा युवा मोर्चा के महामंत्री और पार्षद नरेंद्र देवांगन, पूर्व मण्डल अध्यक्ष नरेंद्र पाटनवार, पूर्व एल्डरमैन राधे यादव, वरिष्ठ पार्षद बुधवार यादव, अनुप यादव,भागवत विश्वकर्मा समेत समिति के सदस्य शामिल रहे।

### वाणिज्य व उद्योग मंत्री का विद्युत फेडरेशन ने किया स्वागत



वाणिज्य, उद्योग एवं श्रम मंत्री लखन लाल देवांगन छत्तीसगढ़ विद्युत कर्मचारी संघ फेडरेशन के प्रतिनिधियों ने मंत्री निवास में पहुंचकर उनका स्वागत किया। फेडरेशन के प्रांतीय महासचिव आरसी चेट्टी के नेतृत्व में बड़ी संख्या में प्रतिनिधियों ने अपनी बधाई दी। फेडरेशन ने बताया कि फेडरेशन 01 विगत 60 वर्षों से विद्युत कर्मचारियों का प्रतिनिधित्व कर रहा है, राज्य निर्माण के बाद छत्तीसगढ़ विद्युत कर्मचारी संघ फेडरेशन 01 को 27 दिसंबर 2000 को पहला पंजीयन प्राप्त हुआ है। 23 वर्षों से विद्युत कर्मचारियों के लिए गांधीवादी नीति के अनुसार छत्तीसगढ़ के विकास, विद्युत कंपनी की प्रगति, एवं कर्मचारी कल्याणकारी निर्णय कराने में संगठन अग्रणी क्रम में है। इस दौरान आरके पटेल, सरोज राठौर, पवन दास, घनश्याम साहू, मनोज वर्मा, प्रदीप पाण्डे, रजनीकांत कुर्रे, सुधीर प्रजापति, होमन देशमुख, सतीश वर्मा, सतीश देवांगन, दुजराम साहू, रवि चौहान, पुरुषोत्तम दुबे, संजय साहू, होमन देशमुख, बलजीत कंवर, मोहम्मद महबूब, रामरतन जायसवाल, केशव लकरा, गोस्वामी, सुब्रमण्यम, हेमंत मांझी, रूपनारायण साहू, सतीश कुमार वर्मा, मनबोधी निषाद, ज्ञानेंद्र सिंह पैकरा, कौशल राजपूत, श्याम किशन सिदार, सुखचंद वर्मा सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# महापौर ने वार्ड में चल रहे विकास व निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

नगर निगम के विभिन्न वार्डों में चल रहे विकास व निर्माण कार्यों के अंतर्गत शुक्रवार को महापौर के साथ ही मेयर इन काउंसिल सदस्य, पार्षद, निर्माण एजेंसी के प्रतिनिधि व अधिकारी कर्मचारियों के साथ निरीक्षण किया। उन्होंने निगम के अधिकारियों व निर्माण एजेंसी के प्रतिनिधियों से कहा कि वे गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिये जाने के साथ ही निर्माण कार्यों को समयसीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान महापौर राजकिशोर प्रसाद ने कहा कि वार्ड क्र. 15 ढोढ़ीपारा बस्ती वासियों से भेंट मुलाकात करते हुए उनकी समस्याओं को जाना तथा समस्याओं के शीघ्र निराकरण किये जाने का आश्वासन दिया। महापौर श्री प्रसाद वार्ड क्र. 15 ढोढीपारा में चल रहे प्रगतिरत बडे. नाले निर्माण कार्य के साथ ही वार्ड में अन्य विकास कार्यों में तेजी लाने के निर्देश निर्माण एजेंसी व अधिकारियों को दिए। उन्होंने कहा कि नाला निर्माण कार्य में किसी भी प्रकार की कोताही न बरतने व नाले के स्लोप पर भी विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए।



निरीक्षण करते महापौर।

***कोरबा।** एसईसीएल सीएमडी डॉ प्रेम सागर मिश्रा शुक्रवार को गेवरा मेगा प्रोजेक्ट पहुँचे। इस दौरान सीएमडी श्री मिश्रा गेवरा खदान में उतरे तथा उत्पादन गतिविधियों का जायज़ा लिया। उन्होंने कंट्रैक्चुअल व डिपार्टमेंटल दोनों पैचों का निरीक्षण किया। सीएमडी श्री मिश्रा ने मौक़े पर उपस्थित एरिया कोर टीम से उत्पादकता से जुड़े विषयों पर जानकारी ली तथा उत्पादन बढ़ाने के निर्देश दिये।

# कार्यों का सत्यापन और पूर्णता के पश्चात ही ठेकेदारों को करें भुगतानः कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



कलेक्टर अजीत वसंत ने जिला जल एवं स्वच्छता मिशन की बैठक ली। उन्होंने जल जीवन मिशन अंतर्गत कार्यों की समीक्षा करते हुए निर्देशित किया कि पानी हर किसी की आवश्यकताओं में से एक है। इसलिए हर घर में नल और जल उपलब्ध कराना हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए। लोगों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध हो, इस दिशा में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग जिम्मेदारी के साथ शीघ्रता एवं पारदर्शिता से गुणवत्तामूलक कार्य करें। जल जीवन मिशन के कार्यों को करने वाले ठेकेदारों से कार्य पूर्ण कराने के पश्चात ही उन्हें भुगतान करना सुनिश्चित करें। आधा-अधूरे कार्यों पर पूर्ण भुगतान न करें और भुगतान से पहले ठेकेदारों द्वारा किए गए कार्यों का सत्यापन अवश्य करें। उन्होंने कहा कि अधूरे कार्यों का पूर्ण भुगतान करना गंभीर लापरवाही है, इसलिए ऐसा न करें। कलेक्टर ने भुगतान से पूर्व समिति के तीन अन्य विभागों के कार्यपालन अभियंताओं का हस्ताक्षर भी लेने के निर्देश दिए।

### एटक ने मजदूरों के अस्थाई स्थानांतरण पर जताया विरोध

**कोरबा।** एसईसीएल कोरबा क्षेत्रीय प्रबंधन ने एक तरफा कार्रवाई करते हुए सुराकछार बलगी उप क्षेत्र से 38 मजदूरों का जबरन अस्थाई स्थानांतरण कर दिया है, एटक प्रबंधन के इस कार्यवाही का विरोध करता है। इस संबंध में एटक के दीपेश मिश्रा ने कहा कि प्रबंधन कोयला उत्पादन नहीं होने का हवाला दे रहा है जबकि वास्तविक स्थिति कुछ और है उन्होंने कहा कि सुराकछार बलगी उपक्षेत्र में भरपूर कोयला का भंडार है। परंतु प्रबंधन के नाकामी के चलते सक्षम विभाग से पर्यावरण स्वीकृति नहीं मिला जिसके चलते कोयला उत्पादन प्रभावित हो रहा है। इस संबंध में उन्होंने कहा कि पुनः कोयला उत्पादन चालू हो सके उसके लिए एटक प्रबंधन का हर संभव सहयोग करने के लिए तैयार है परंतु किसी भी मजदूर का दूसरे जगह स्थानांतरण एटक को मंजूर नहीं है। दीपेश मिश्रा ने अंत मे कहा कि सुराकछार बलगी उपक्षेत्र के 38 कर्मचारियों का अस्थाई ट्रांसफर आदेश पर प्रबंधन पुनर्विचार करे और जो कर्मचारी स्वेच्छा से दिगर खदानों में जाना चाहता सिर्फ उन्हीं मजदूरों का स्थानांतरण किया जा सकता है इसमें एटक को कोई आपत्ति नहीं है।

### निधन

#### जनपत मन्नेवार



**कोरबा।** ग्राम नवापारा उमरेली के प्रतिष्ठित नागरिक सेवानिवृत्त लाइनमैन जनपत मन्नेवार 77 वर्ष का बुधवार की रात को निधन हो गया। वे कुछ दिनों से अस्वस्थ थे। उनका अंतिम संस्कार गांव के मुक्तिधाम में किया गया। वे अपने पीछे पत्नी, दो पुत्र पवन कुमार और सत कुमार, 3 पुत्री समेत भरा पूरा परिवार छोड़ गए हैं।

कोरबा मार्केट






## खबर संक्षेप



### मेडिकल कॉलेज अस्पताल के लैब में लग रही लंबी कतार

**कोरबा।** जिला मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मरीजों की संख्या अधिक हो गई है। चिकित्सकों की सलाह पर जांच के लिए लैब में लंबी कतार लग रही है। जांच के लोगों को आधा से एक घंटे तक इंतजार करना पड़ रहा है। इससे मरीजों को काफी असुविधा हो रही है। बताया जा रहा है कि मौसम में बदलाव से मरीजों की संख्या में इजाफा हुआ है। रोजाना लगभग डेढ़ सौ से अधिक मरीजों की बीमारी की जांच के लिए ब्लड, यूरिन सहित अन्य सैंपल लिए जा रहे हैं। मरीजों को जहां जांच के लिए कतार में खड़ा होना पड़ रहा है, वहीं रिपोर्ट के लिए दूसरे दिन का चक्कर भी काटना पड़ रहा है।

### रेड रिबन क्लब पोस्टर प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



**कोरबा।** केएन कॉलेज की रेड रिबन क्लब के नोडल अधिकारी वायके तिवारी के निर्देशन में एचआईवी एड्स तथा रक्तदान के संबंध में जागरूकता हेतु पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें करन श्रीवास, सिद्धि कुमारी, पूजा कुशवाहा, अनुष्का शुक्ला, अधिवेश बग्गा, अनिल कुमार, मनीष चंद्रा, सन्नी राव जगताप, देवांश कुमार, राहुल पूर्ति, चमन पटेल, भारती जायसवाल, काजल कर्ष, रूपाली श्रीवास, मनीषा खांडे, संध्या मिरी आदि स्वयंसेवकों का योगदान रहा।

### वृद्ध ने लगाई फांसी, जांच में जुटी पुलिस

**कोरबा।** एक 67 वर्षीय वृद्ध ने अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। पुलिस ने घटनास्थल से एक लाइन का सुसाइड नोट बरामद किया है जिसके आघार पर पुलिस ने मामले की जांच शुरु कर दी है। मामला कोतवाली थाना क्षेत्र के अटल आवास राताखार की है। यहां निवासरत सनत कुमार पाण्डेय 67 वर्ष पिता कृष्ण कुमार पाण्डेय ने अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। आत्महत्या की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने एक सुसाइड नोट बरामद किया है। मृतक ने सुसाइड नोट में मकान मालकिन के कहने पर दो युवकों ने मकान खाली करने के लिए दबाव बना रहे थे लिखा है। पुलिस का कहना है कि मामले में मर्ग कायम कर जांच शुरु कर दी गई है।

### अवैध शराबः 14 पर गिरी पुलिस की गाज

**कोरबा।** जिले में अवैध शराब बेचने, पीने पिलाने वालों के खिलाफ पुलिस ने मुहीम छेड़ दी है। अलग अलग थाना क्षेत्रों में पुलिस ने 14 लोगों को गिरफ्तार कर आबकारी अधिनियम के तहत कार्यवाही की है। पुलिस अधीक्षक जितेंद्र शुक्ला के निर्देश पर जिला पुलिस द्वारा अवैध शराब के खिलाफ विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में 11 जनवरी को मानिकपुर चौकी के रामजानकी मोहल्ला, रजगामार चौकी के ग्राम कोरकोमा में संबंधित थाना-चौकी की टीम के द्वारा छापामार की कार्यवाही किया गया। कई स्थानों पर अवैध महुआ शराब बनाने के ठिकानों पर पुलिस ने छापेमार कार्रवाई कर महुआ पास और भट्टी को नष्ट किया गया है, साथ ही अवैध शराब बनाने, बेचने और पीने वालों के खिलाफ भी कार्रवाई किया गया। पुलिस कार्यवाही में 14 आरोपियों से कुल 5 लीटर महुआ शराब जप्त की गई है। आरोपियों के विरुद्ध आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही किया गया है।

### नाबालिग के साथ अप्राकृतिक कृत्य करने वाला आरोपी गिरफ्तार



**कोरबा।** एक 32 वर्षीय युवक द्वारा एक नाबालिक बच्चे को मोटरसाइकिल में बिठाकर अपने घर ले गया और उसके साथ अप्राकृतिक कृत्य की घटना को अंजाम दिया था, बच्चे के परिजनों की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ अपराध पंजीकृत कर उसे न्यायिक रिमांड में जेल भेज दिया है। मामला ऊर्जा थाना क्षेत्र का है। यहां निवासरत विजय साहू 32 वर्ष गांव में पान ठेला दुकान का संचालन करता है। बताया जाता है कि 11 जनवरी की शाम लगभग 5 बजे गांव में निवास करने वाला एक नाबालिक बच्चों को अपने मोटरसाइकिल में बिठाकर अपने घर ले गया था, जहां उसने नाबालिक बच्चों के साथ अप्राकृतिक कृत्य की घटना को अंजाम दिया। बच्चे ने इसकी जानकारी अपने परिजनों को दी, जिसके बाद मामले की शिकायत उरगा पुलिस से की गई। पुलिस ने मामले में आरोपी विजय साहू के खिलाफ धारा 377, 4 पाक्सो एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर उसे गिरफ्तार कर न्यायिक डिमांड में जेल भेज दिया गया है।

## दो हजार से अधिक राशन कार्ड वाले दुकानों को बांटने का था प्रस्ताव

# शहर की बड़ी पीडीएस दुकानों को बांटने का प्रस्ताव ठंडे बस्ते में

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

दो हजार से अधिक राशन कार्ड वाले पीडीएस दुकानों को दो भागों में विभक्त करने का प्रस्ताव अभी भी ठंडे बस्ते में पड़ा हुआ है, पिछली सरकार के समय यह प्रक्रिया शुरू की गई थी। जिसके लिए विभाग ने आवेदन मंगाने की प्रक्रिया अगस्त 2023 में शुरू की थी, जो केवल प्रक्रिया तक ही सीमित रह गई और अभी भी ऐसी बड़ी पीडीएस दुकानें चल रही हैं। जहां कार्डधारियों की संख्या लगभग 3 हजार से भी अधिक है।

**खास बात**

- पिछली सरकार के समय शुरु की गई थी प्रक्रिया



राशन वितरण करते महिला समूह की सदस्य।

जिले के शहरी एवं ग्रामीण अंचलों में ऐसी पीडीएस दुकानें संचालित है जहां राशन कार्डधारियों की संख्या 2 हजार से अधिक है और जिसकी वजह से कई हितग्राहियों को समय पर खाद्य सामाग्री नहीं मिल पाती। पिछली सरकार के समय ऐसी बड़ी दुकानों को 2 भागों में बांटने का प्रस्ताव तैयार किया गया था और सभी जिलों से इसके प्रभाव मांगे गए थे। इस प्रस्ताव में कोरबा जिले से भी बड़े दुकानों का प्रस्ताव भेजा गया था जहां कार्डधारियों की संख्या 2 हजार से अधिक है। राज्य शासन से मिले प्रस्ताव के तहत ऐसी बड़ी दुकानों को दो भागों में विभक्त करने के निर्देश भी दिए गए। 2023 अगस्त महीने में इसके संबंध में खाद्य विभाग द्वारा दुकान संचालन हेतु प्रस्ताव भी मांगे गए, जो समूह या सहकारी उपभोक्ता भंडार पीडीएस दुकान का संचालन करना चाहते हैं। लोगों ने इस संबंध में आवेदन भी खाद्य विभाग तक पहुंचाए, किंतु यह प्रक्रिया आगे नहीं बढ़ सकी और इस बीच विधानसभा चुनाव की आचार संहिता लग जाने से यह प्रस्ताव पूरी तरह ठंडे बस्ते में चला गया और अभी भी ऐसी बड़ी दुकानों का संचालन एक प्राथमिक सहकारी उपभोक्त भंडार द्वारा किया जा रहा है।

### ग्रामीण क्षेत्रों में समायोजन का खेल

कुछ ग्रामीण क्षेत्रों में पीडीएस दुकानों का संचालन के लिए शहरी क्षेत्र की सहकारी समितियों को दिया गया है। इसके पीछे समायोजन करने की जानकारी दी जाती है। खाद्य विभाग की मानें तो दुकानों को समायोजन करने का काम अनुविभागीय अधिकारी कार्यालय से होता है। यही कारण है कि ग्रामीण क्षेत्रों से हितग्राहियों को राशन नहीं मिलने की शिकायत जिला मुख्यालय तक पहुंच रही है। समायोजन के इस खेल से शहरी क्षेत्र की सहकारी समितियां दोहरा लाभ ले रही हैं। उनके जिम्मे शहरी क्षेत्र की दुकानें तो हैं ही ग्रामीण क्षेत्रों की दुकानों का संचालन अपने हाथ में ले लेते हैं।

### एक समिति को दो वार्ड की जिम्मेदारी

पीडीएस दुकान संचालन के दौरान कई ऐसी विसंगतियां सामने आई है, जिन्हें दूर करने के लिए सरकार ने दुकानों को दो भागों में बांटने का प्रस्ताव तैयार किया था। वर्तमान में एक प्राथमिक सहकारी उपभोक्ता भंडार दो वार्डों की पीडीएस दुकानों का संचालन कर रही हैं। इन सहकारी उपभोक्ता भंडार समिति में कुछ ऐसी समितियां हैं जिनके दुकानों में राशन कार्डधारी हितग्राहियों की संख्या 4 हजार से अधिक पहुंच गई है और यहां सुबह से हितग्राहियों की लाईन लग जाती है। दो वार्ड की जिम्मेदारी संभालने वाली समितियों से हितग्राहियों को खाद्य सामाग्री भी पूरी नहीं मिल पाती। वहीं सर्वर डाउन का बहाना बनाकर दुकान संचालक वितरण कार्य भी प्रभावित कर देते हैं। कई ऐसे हितग्राही हैं, जो दुकानों के खोलने का सही समय निर्धारित नहीं होने के कारण राशन से वंचित हो जाते हैं। ऐसी दुकानों की संख्या शहरी क्षेत्रों में अधिक है।

### दुकानों के आबंटन की प्रक्रिया चल रही है

कुछ बड़े दुकानों को दो भागों में बांटा गया है, जिससे दुकानों की संख्या बढ़ी है। जो बड़ी दुकानें शेष रह गई है उनके बांटने की प्रक्रिया चल रही है। ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में दुकानों की संख्या बढ़ाई जा रही है।

- **आशीष चतुर्वेदी,** सहायक खाद्य अधिकारी

# एसईसीएल की कोयला खदानों को लक्ष्य हासिल करने लगाना होगा जोर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले में एसईसीएल की कोयला खदानों ने एक बार फिर उत्पादन का कीर्तिमान रच दिया है। खदानों ने मौजूदा वित्तीय वर्ष में 100 मिलियन टन से अधिक कोयला उत्पादन कर लिया है। कोरबा की खदानों को 157.72 मिलियन टन कोयला का उत्पादन करना है। वित्तीय वर्ष के 9 माह 10 दिन में 100.43 मिलियन टन कोयला उत्पादन के बाद अब शेष बचे 2 माह 21 दिन में 57.29 मिलियन टन कोयला का उत्पादन करना होगा।

एसईसीएल की मेगा परियोजनाओं के प्रदर्शन पर ही पूरा दारोमदार रहेगा। एसईसीएल का सर्वाधिक कोयला कोरबा की खदानों से ही निकाला गया है। मेगा परियोजनाओं से ही 90 मिलियन टन से अधिक कोयला का उत्पादन हुआ है। एसईसीएल को मौजूदा वित्तीय वर्ष (1 अप्रेल 2023 से 31 मार्च 2024 तक) में 197 मिलियन टन कोयला उत्पादन का टारगेट दिया गया है। इस टारगेट में 157.72 मिलियन टन कोयला उत्पादन कोरबा जिले की मेगा परियोजना गेवरा, दीपका व कुसमुंडा सहित कोरबा एरिया की खदानों से किया जाना है। अब तक की स्थिति में एसईसीएल ने 197 लक्ष्य के मुकाबले 128.9 मिलियन टन कोयला का उत्पादन किया है। जिसमें अकेले कोरबा जिले की खदानों में 100.43 मिलियन टन कोयला उत्पादन किया है। इस कीर्तिमान को कोरबा की खदानों ने 10 जनवरी को हासिल किया है। वित्तीय वर्ष में गेवरा को 60 मिलियन टन कोयला उत्पादन का लक्ष्य दिया गया है। उत्पादन के सैकड़े में सर्वाधिक कोयला गेवरा से 39.45 मिलियन टन निकाला गया है। कुसमुंडा ने 50 मिलियन टन के मुकाबले 32.24, दीपका ने 40 के मुकाबले 22.28 मिलियन टन कोयला उत्पादन किया है। कोरबा एरिया को 7.72 मिलियन टन का टारगेट है। एरिया ने इस अवधि तक 6.46 मिलियन टन कोयला उत्पादन कर लिया है। एरिया लक्ष्य के काफी करीब है। शेष दिनों में एरिया उत्पादन और डिस्पैच में लक्ष्य से आगे निकल जाएगी। एसईसीएल को उत्पादन की तरह 197 मिलियन टन कोयला का उठाव भी करना है। अब तक की स्थिति में कंपनी को 150 मिलियन टन से अधिक कोयला उठाव कर लेना था। इसके मुकाबले लगभग 137 मिलियन टन कोयला का उठाव किया गया है। कंपनी लगभग 14 मिलियन टन उठाव से पीछे है। कोरबा जिला कमाऊपूत कहा जाता है। जिले ने एक बार फिर इस बात को कोयला उत्पादन क्षेत्र में साबित किया है। 100 मिलियन टन उत्पादन के कारण राजस्व कमाई में इजाफा होना तय है। जानकार बताते हैं कि क्षेत्र में राजस्व कमाई के आधार पर डीएमएफ, सीएसआर मद जारी और खर्च होते हैं। ऐसे में कहा जा सकता है कि इस बार भी कोरबा को डीएमएफ और सीएसआर मद के रूप में भारी भरकम राशि मिलेगी।

# नगर निगम का गढ़ कलेवा हो रहा चौपट

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



घंटाघर के निकट स्मृति उद्यान के पीछे बना गढ़ कलेवा।

पिछले वर्षों में घंटाघर के निकट स्मृति उद्यान के पीछे लाखों रुपए खर्च कर गढ़ कलेवा प्रारंभ किया गया था। जहां छत्तीसगढ़ के खान-पान की संस्कृति को उल्लेखित करते हुए पारंपरिक व्यंजनों की बिक्री शुरू की गई थी। छत्तीसगढ़िया रहन-सहन को प्रदर्शित करते हुए बनाए गए ढांचों में स्व सहायता समूह की महिलाओं द्वारा परंपरागत व्यंजन यहां आने वाले ग्राहकों को परोसे जाने लगे थे।

उम्मीद थी कि यह गढ़ कलेवा अपनी पहचान बनाएगा लेकिन कुछ दिनों के बाद ही गढ़ कलेवा उजड़ गया। यहां घंटाघर के मैदान में लगने वाली चौपाटी को शिफ्ट करने की योजना भी फेल हो गई है। बताया जाता है कि छत्तीसढ़िया संस्कृति को पल्लवित करते हुए प्रारंभ किये गये गढ़ कलेवा को एक संघ के दबाव और प्रभावशाली नेता के कहने पर बंद कर दिया गया। नगर निगम में करोड़ों की लागत से बनाए गए इस गढ़ कलेवा को विकसित करने के लिए और आकर्षक बनाने के लिए आने वाले लोगों हेतु उद्यान भी तैयार किए गए एवं बच्चों के लिए झूले भी लगवाए गए और फाउंटेन भी स्थापित कराया गया है। गढ़ कलेवा का शुभारंभ भी प्रशासन के द्वारा जोर-शोर से कराया गया था लेकिन इसके बाद झांकने की जहमत निगम प्रशासन के अधिकारियों ने नहीं उठाई। अच्छी खासी जगह गढ़ कलेवा में होने के बावजूद ओपन थिएटर के मैदान को बर्बाद करने का काम हो रहा है। लाखों रुपए खर्च करने के बाद भी निगम कोरबा के द्वारा निर्मित चौपाटी आज खंडहर बन गया है जिसकी देख रख करने वाला भी कोई नहीं है। घंटाघर में यह चौपाटी जिसे गार्डन के पीछे गढ़ कलेवा में शिफ्ट कर दिया गया था आज वो बाहर लग रही है और जनता के करोड़ों रुपए से बनाए गए गढ़ कलेवा खंडहर में तब्दील हो चुका है। यदि चौपाटी को सख्ती से गढ़ कलेवा में शिफ्ट कर दिया जाये तो वाहन पार्किंग की समस्या का समाधान भी हो जाएगा।

### महिला समिति हुई बेरोजगार

गढ़ कलेवा में अनेक प्रकार के छत्तीसगढ़ी पकवान एक समय में बनाए जाते थे। अब बंद हो गए हैं। लोग इन सभी पकवान को भूलकर आज फास्ट फूड के पीछे भाग रहे हैं और सेहत बिगाड़ रहे हैं। इसे कोरबा निगम को पुनः चालू कर सभी दुकानों को उसके अंदर शिफ्ट करना चाहिए।

# ट्रेने रद्दः ज्योत्सना ने जताई आपत्ति

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

लोकसभा क्षेत्र की सांसद ज्योत्सना चरणदास महंत ने रेलवे द्वारा एक साथ बिना किसी सूचना के 10-12 ट्रेनों का परिचालन रद्द कर देने पर गहरी नाराजगी और आपत्ति दर्ज करायी है। उन्होंने कहा है कि जिस तरह से रेलवे द्वारा ट्रेनों को बिना किसी पूर्व सूचना के एकाएक कैंसल कर दिया जाता है, उससे यात्रियों को काफी परेशानी होती है। वे अपने गंतव्य के लिए टिकट कटा लेते हैं और फिर पता चलता है कि ट्रेन कैंसल हो गई है। बिना सूचना के किसी भी ट्रेन को कैंसल कर देना आपत्तिजनक है और वे इस विषय में रेलमंत्री से मिलकर अपनी आपत्ति दर्ज कराएंगी। सांसद श्रीमती महंत ने यह भी कहा है कि रेल संघर्ष समिति के संघर्षों और मेरे द्वारा किए गए लगातार पत्र व्यवहार के कारण आखिरकार छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस कोरबा तक शुरू करने का निर्णय लिया गया है। यह एक्सप्रेस कोरबा तक जल्द प्रारंभ होनी चाहिए ताकि कोरबावासियों को इसका लाभ मिले। कोरबा-रायगढ़ के मध्य चलने वाली ट्रेन जल्द प्रारंभ होने से लाभ मिलेगा। कोरबा-बीकानेर के मध्य ट्रेन के बारे में मैने वहां के सांसदों से मिलकर चर्चा की और रेल मंत्री को आवेदन भी दिया है। उम्मीद है कि जल्द ही यह आग्रह मान लिया जाएगा। यात्री ट्रेनों की लेट-लतीफी के संबंध में भी मैने रेल मंत्री से बात रखी है कि कोयला लदान वाली गाड़ियों को तो जाने दिया जाता है किन्तु यात्रियों को परेशानी होती है। इस विषय में मैं चाहकर भी कुछ नहीं कर पा रही हूं, जिसका मुझे दुख भी रहता है लेकिन मेरा प्रयास लगातार जारी रहेगा कि कोरबा की जनता को लाभ मिले।

**खास बात**

- केंद्रीय रेलमंत्री से मिलकर सांसद जताएंगी नाराजगी



सांसद श्रीमती ज्योत्सना महंत के कोरबा प्रवास पर स्वागत करते समर्थक।

# विकसित भारत बनाने के संकल्प को हर नागरिक तक पहुंचाना हैः संजय

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत कोरबा विकासखण्ड के ग्राम कुरूडीह में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में भारत सरकार के संयुक्त सचिव संजय कुमार मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने शिविर की गतिविधियां देखीं और विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉल का अवलोकन किया। शिविर में उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि संजय कुमार ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संकल्प है कि भारत को 2047 तक विकसित बनाना है। यह काम केंद्र सरकार और राज्य सरकार सहित जिला प्रशासन के सहयोग से संभव है। शिविर के माध्यम से हितग्राही मूलक योजनाओं की जानकारी प्रदान करने के साथ ही जरूरतमंद हितग्राहियों को लाभान्वित किया जाना है। इसलिए आप सभी योजनाओं का लाभ उठाते हुए विकसित भारत के निर्माण में सहभागी बनें। उन्होंने कहा कि विकसित भारत के संकल्प को हर नागरिक तक पहुंचाना है और अपनी सोच तथा विश्वास को सकारात्मक रखते हुए जीवन शैली का बेहतर बनाने के साथ विकास की राह में आगे बढ़ना है। शिविर में अभी तक ग्रामीण क्षेत्रों के 1 लाख 88 हजार से अधिक लोग शामिल हुए हैं। विकासखंडवार पोंड़ीउपरोड़ा से 57 हजार 396, पाली अंतर्गत 38 हजार 820 कोरबा अंतर्गत 21 हजार 669 कटघोरा अंतर्गत 45 हजार 77 और करतला विकासखंड अन्तर्गत 23 हजार 973 लोग यात्रा में शामिल हुए। शिविर में एक हजार से अधिक जनप्रतिनिधियों ने भी अपनी उपस्थिति प्रदान की है। शिविर में प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजनान्तर्गत 1592 हितग्राहियों, जीवन ज्योति बीमा योजनान्तर्गत 318, प्रधानमंत्री उज्वला योजना अंतर्गत 4360 हितग्राहियों ने पंजीयन कराया है। शिविर में 61 हजार 314 से अधिक लोगों का स्वास्थ्य जांच किया गया है। इसी तरह 36 हजार 104 टीबी, 16 हजार 931 सिकलसेल की जांच की गई है।



कुरुडीह में कार्यक्रम के दौरान उपस्थित अधिकारी एवं हितग्राही।

### योजनाएं आपके लिए बनी हैं, लाभ उठाइएः वसंत

शिविर में उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कलेक्टर अजीत वसंत ने कहा कि किसी भी योजना का लाभ उठाने से पहले योजनाओं के बारे में जानना भी जरूरी है। यह योजनाएं आपके लिए बनी है, आप जागरूक बनिए और योजनाओं का लाभ उठाते हुए विकसित भारत के निर्माण में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन करिए। उन्होंने कहा कि शिविर में भारत सरकार एवं राज्य सरकार के योजनाओं की जानकारी अधिकारियों के माध्यम से प्रदान की जा रही है। शिविर का उद्देश्य योजनाओं से जरूरतमंद परिवारों को लाभान्वित करना है।

### रक्तदान शिविर में 43 लोगों ने किया रक्तदान



**कोरबा।** कटघोरा विकासखंड के शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला अरदा परिसर में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में कुल 43 रक्तदाताओं ने रक्तदान किया। रक्तदान करने वाले में 41 पुरुष, 2 महिला शामिल थे। राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत 7 दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसमें अनेक कार्यक्रम शामिल हैं जैसे नशा से संबंधित, श्रमदान, रक्तदान आदि कार्यक्रम शासकीय मुकुटधर पाण्डेय महाविद्यालय कटघोरा के तत्वावधान में किया जा रहा है। महाविद्यालय के प्राचार्य ने बताया कि इस शिविर में समापन के लिए क्षेत्र के विधायक प्रेमचंद पटेल शामिल होंगे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में ग्राम पंचायत अरदा के संरपच श्रवण कुमार तंवर शामिल हुए। इस अवसर पर मुख्य रूप से राष्ट्रीय सेवा योजना कटघोरा कॉलेज, हंसवाहनी फाउंडेशन का योगदान रहा है। रक्तदान शिविर के दौरान रक्तदाताओं को बतौर उपहार स्वरूप हेलमेट व हेडफोन दिया गया।







